**Punjab Kesari (21.01.2015)**

# 'एनालाग इलैक्ट्रानिक्स डिजाइन' पर व्याख्यान



प्रो. चिह वेन लू को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कुलपति डॉ. दिनेश कुमार।

**बल्लभगढ़**,(सुरेश बंसल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा आज 'एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन' पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान के प्रो. चिह वेन लू मुख्य वक्ता रहे। एलसीडी ड्राइर्स और एनालॉग टू डिजिटल कनवर्टर में विशेषज्ञता रखने वाले प्रो. चिह वेन लू ने अपने विशेषज्ञ व्याख्यान में विद्यार्थियों तथा फैकल्टी सदस्यों के साथ अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन में नए अनुसंधान पर प्रस्तुतिकरण दिया और बताया कि किस प्रकार एनालॉग डिजाइन में नये प्रयोगों से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की दक्षता में सुधार हुआ है। इस अवसर पर प्रो लू ने नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान में नई पीढ़ी की इलेक्ट्रानिक्स विषय पर 4 से 6 मई 2016 तक होने वाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय से अनुसंधानकर्ताओं तथा फैकल्टी सदस्यों को आमंत्रित किया। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच परस्पर शैक्षणिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार जोकि नये इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण तथा नैनो टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान में विशेषज्ञता रखते है, ने भी व्याख्यान सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रो लू को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रण करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान का विशेष महत्व है क्योंकि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में सामान्य इंजीनियरिंग के सिद्धांत और अवधारणा व्यापक रूप से शामिल होते है जोकि परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और टेलीकॉम के क्षेत्र में वैश्विक मुद्दों में अपना योगदान देते है। उन्होंने भावी इंजीनियर्स को लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने तथा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय द्वारा आने वाले दिनों में इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिसके लिए विदेशों से प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ वक्ताओं को बुलाया जायेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कुमार ने प्रो. चिह वेन लू को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डॉ. मुनीशा वशिष्ठ ने भी प्रो. लू को स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. प्रदीप कुमार कार्यक्रम के संयोजक रहे।

**Dainik Jagran (21.01.2015)**

# एनालॉग से हुआ है दक्षता सुधार

## ताइवान के नेशनल सिंह हुआ यूनिवर्सिटी के प्रो. वेन लू ने बांटे अनुभव



नेशनल सिंग हुआ युनिर्विसटी के प्रो. चिह वेन लू को स्मृति चिन्ह भेंट करते वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति डॉ दिनेश कुमार।

- ज्एनालॉग इलेक्ट्रानिक्स डिजाइन पर व्याख्यान में बोले
- नए शोध निष्कर्षो का किया प्वाइंट प्रजेंटेशन

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन' पर एक व्याख्यान में मुख्य वक्ता ताइवान की नेशनल सिंग हुआ युनिवर्सिटी के प्रो. चिह वेन लू ने विद्यार्थियों तथा फैकल्टी सदस्यों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन में नए अनुसंधान की जानकारी दी। बताया कि किस प्रकार एनालॉग डिजाइन में नए प्रयोगों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दक्षता में सुधार हुआ है।

प्रो लू ने नेशनल सिंग हुआ युनिवर्सिटी में इलेक्ट्रानिक्स विषय पर 4 से 6 मई 2016 तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए वाइएमसीए विश्वविद्यालय से अनुसंधानकर्ताओं तथा फैकल्टी सदस्यों को आमंत्रित किया। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच परस्पर शैक्षणिक आदान-प्रदान की आश्वयकता पर भी बल दिया। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने प्रो लू को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रण करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान का विशेष महत्व है। उन्होंने भावी इंजीनियरों को लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने तथा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कुमार ने प्रो. लू को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की चेयरमैन डॉ. मुनीशा वशिष्ठ ने भी प्रो. लू को स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. प्रदीप कुमार कार्यक्रम के संयोजक रहे।

**Dainik Bhaskar (21.01.2015)**

# एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन विषय पर व्याख्यान आयोजित

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद. वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. चिह वेन लू को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कुलपति डॉ. दिनेश कुमार।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी, कैंपस में 'एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन' पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान के प्रो. चिह वेन लू मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने की।

एलसीडी ड्राइवर्स और एनालॉग टू डिजिटल कनवर्टर में विशेषज्ञता रखने वाले प्रो. वेन लू ने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के साथ अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन में नए अनुसंधान पर प्रस्तुतिकरण दिया। किस प्रकार एनालॉग डिजाइन में नए प्रयोग से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की दक्षता में सुधार हुआ, इससे सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में काफी बदलाव आ रहा है। नए जमाने के अनुसार उसे तैयार किया जा रहा है। इसमें एनलॉग डिजाइन का अहम योगदान है। इस पर उन्होंने नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान में नई पीढ़ी की इलेक्ट्रानिक्स विषय पर 4 से 6 मई 2016 तक होने वाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए वाईएमसीए यूनिवर्सिटी से अनुसंधानकर्ताओं व फैकल्टी सदस्यों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने दोनों यूनिवर्सिटी के बीच परस्पर शैक्षणिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया। कुलपति डा. दिनेश कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान का विशेष महत्व है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में सामान्य इंजीनियरिंग के सिद्धांत और अवधारणा व्यापक रूप से शामिल होते हैं। जो परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और टेलीकॉम के क्षेत्र में वैश्विक मुद्दों में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने भावी इंजीनियर्स को लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने तथा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिया कि यूनिवर्सिटी द्वारा आने वाले दिनों में इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया जाता रहेगा। इसके लिए विदेशों से प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ वक्ताओं को बुलाया जाएगा।

**Hindustan Hindi (21.01.2015)**

# नए प्रयोगों से बढ़ी दक्षता: चिह वेन लू



[illegible]

**Punjab Kesari Delhi (21.01.2015)**

# 'एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन' पर विशेषज्ञ व्याख्यान

फरीदाबाद, 20 जनवरी (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा आज 'एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन' पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान के प्रो. चिह वेन लू मुख्य वक्ता रहे।

एलसीडी ड्राइर्स और एनालॉग टू डिजिटल कनवर्टर में विशेषज्ञता रखने वाले प्रो. चिह वेन लू ने अपने विशेषज्ञ व्याख्यान में विद्यार्थियों तथा फैकल्टी सदस्यों के साथ अपना अनुभव सांझा किया। उन्होंने एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन में नए अनुसंधान पर प्रस्तुतिकरण दिया और बताया कि किस प्रकार एनालॉग डिजाइन में नए प्रयोगों से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की दक्षता में सुधार हुआ है।

इस अवसर पर प्रो लू ने नेशनल सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान में नई पीढ़ी की इलेक्ट्रानिक्स विषय पर 4 से 6 मई 2016 तक होने वाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए वाईएमसीए से की।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 21 January 2016
epaper.punjabkesari.in/c/8210044

02
HT Live Faridabad, Saturday, January 23, 2016
www.hindustantimes.com

# Expert lecture on Analog Electronics Design at YMCA

The YMCA University of Science and Technolgy, Faridabad, organised an expert lecture on 'Analog Electronics Design' by Prof Chih-Wen Lu from National Tsing Hua University, Taiwan. The lecture was attended by the students, scholars and faculty members of the university. In his lecture, Prof Chih-Wen Lu who is an expert in the field of LCD drives and Analog to digital convertor, shared his research findings with audience